भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2314
जिसका उत्तर मंगलवार 2 जनवरी, 2018 को दिया जाना है

एचएनएल की बिक्री

2314. श्री सी.एन.जयदेवन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने केरल में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र की एक मिनी रत्न कंपनी हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड (एचएनएल) को कूटनीतिक बिक्री के तहत रखने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या उक्त कंपनी के प्रबंधक वर्ग ने कंपनी को बचाने के लिए रास्ते ढूंढने की कोशिश की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा एवं परिणाम क्या हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (घ): नीति आयोग की सिफारिशों के अनुसार, सरकार ने हिंदुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड (एचएनएल) की 100 प्रतिशत शेयरधारिता का विनिवेश कार्यनीतिक क्रेता को करने का निर्णय लिया है। इस विनिवेश प्रक्रिया को सुकर बनाने के लिए लेनदेन सलाहकार, कानूनी सलाहकार और परिसंपत्ति मूल्यांकक की नियुक्ति की गई है। एचएनएल प्रबंधन व्यापार प्रचालनों को जारी रखने का पूरा प्रयास कर रहा है।

*****